उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 752/2020 दिनांक /Date: 16-X-2020

संवाद–54

सहायक अध्यापक(एल0टी0) के रिक्त 1431 पदों पर चयन हेतु विज्ञापन जारी किये जाने के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड(गढ़वाल एवं कुमाऊं मण्डल) में समूह 'ग' के अन्तर्गत सहायक अध्यापक(एल0टी0) के कुल रिक्त 1431 पदों हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आंमत्रित किये गये है। जिसका सूक्ष्म विवरण निम्नानुसार है :–

विज्ञापन प्रकाशन की तिथि	13.10.2020
ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ की तिथि	19.10.2020
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	04.12.2020
परीक्षा शुल्क नैट बैंकिग/डेबिट कार्ड द्वारा जमा करने की अंतिम तिथि	06.12.2020
लिखित परीक्षा की संभावित तिथि	माह अप्रैल, 2021

1. अभ्यर्थी आयोग वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जाकर Home Page पर **"सहायक अध्यापक(एल0टी0) के ऑनलाइन आवेदन हेतु क्लिक करें"** को देख सकते है व क्लिक कर आवेदन पत्र खुल जायेगा।
2. आयोग द्वारा वर्ष 2017 में भी सहायक अध्यापक(एल0टी0) पद की चयन प्रकिया संपन्न की गयी थी इस परीक्षा के उपरांत विकल्पों के कारण तथा शैक्षिक अर्हताओं की जटिलता के कारण कई कठिनाइयां सामने आयी। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी एक मामले में विकल्प के स्थान पर मेरिट को स्थान देने का निर्देश दिया गया था। इसके अतिरिक्त आयोग को कई चरणों में अभिलेख सत्यापन करना पड़ा जिससे चयन प्रक्रिया में विलम्ब हुआ। चयन के उपरांत विषयों से संबंधित सही पात्रता में अभ्यर्थियों के अभ्यर्थन लिखित परीक्षा के उपरांत निरस्त भी करने पड़ें।
3. उपरोक्त कारण से इस बार आयोग द्वारा इस पद के लिए एक नया आवेदन पत्र तैयार किया गया है व अभ्यर्थियों को भी इसे नये सिरे से भरना होगा अर्थात जिस अभ्यर्थी ने अपना OTR Profile भरा है उसे भी यह आवेदन पत्र शुरू से आखिर तक नये सिरे से भरना अनिवार्य है। साथ ही फोटो व हस्ताक्षर तथा अन्य डाटा भी नये सिरे से भरना/अंकित करना होगा। यदि अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र भरने में कठिनाई आती है तो अभ्यर्थी टॉल फ्री नं0–6399990138/139/140/141 पर तथा आयोग को **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर भी सम्पर्क कर सकते है।
4. मण्डलों के चयन का विकल्प तथा महिला विद्यालयों के चयन का विकल्प अभिलेख सत्यापन के समय मेरिट के आधार पर दिया जायेगा। इससे पिछली चयन प्रक्रिया की तरह बार–बार अभिलेख सत्यापन की कठिनाई से बचा जा सकेगा। विकल्पों के बारे में आयोग एक नई नीति भी जारी कर रहा है, जो शीघ्र ही आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।
5. अभ्यर्थियों को विशेष रूप से अवगत कराना है कि इस विज्ञापन में 14 विषयों में सहायक अध्यापक के पद सम्मिलित हैं। प्रत्येक पद के लिए शैक्षिक अर्हताएं भी अलग–अलग हैं। आयोग द्वारा तैयार किये गये विज्ञापन में इंटरमीडिएट या स्नातक में अलग विषयों के लिए Check लगाये गये हैं, जिससे त्रुटिपूर्ण आवेदनों को कम किया जा सके व आवेदक को भी आवेदन करने में सुगमता हो। इससे पिछली चयन प्रक्रिया में कठिनाइयों को भी कम किया जा सकेगा।

क्रमशः———02

Scanned with CamScanner

6. पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

मण्डलवार व विषयवार पदों की संख्या का विवरण

गढ़वाल मंडल		कुमाऊं मंडल	
विषय	**पदों की संख्या**	**विषय**	**पदों की संख्या**
हिन्दी	120	हिन्दी	165
अंग्रेजी	100	अंग्रेजी	96
संस्कृत	14	संस्कृत	21
गणित	86	गणित	122
विज्ञान	113	विज्ञान	135
सामान्य	35	सामान्य	2
कला	112	कला	138
व्यायाम	67	व्यायाम	60
गृह विज्ञान	9	गृह विज्ञान	12
वाणिज्य	10	वाणिज्य	3
संगीत	1	संगीत	2
उर्दू	5	उर्दू	1
		पंजाबी	1
		बंग्ला	1
गढ़वाल मंडल में पदों की संख्या	**672**	**कुमाऊं मंडल में पदों की संख्या**	**759**
कुल पदों की संख्या 672+759=1431			

7- सभी अभ्यर्थियों से आयोग यह अपेक्षा करता है कि वे विस्तृत विज्ञापन विवरण को सावधानीपूर्वक भरकर ही ऑनलाइन आवेदन पत्र भरेंगे, अपूर्ण या त्रुटिपूर्ण आवेदन पर अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट करना है कि एक बार अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र Final Submit कर दिया जाता है तब उन्हें आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं मिलेगा व त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र के कारण उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायगा। त्रुटिपूर्ण आवेदन होने पर निरस्तीकरण का उत्तरदायित्व भी अभ्यर्थी का ही है। अतः शुल्क जमा करने से पूर्व अपनी प्रत्येक प्रविष्टि व डाटा को अत्यंत सावधानीपूर्वक चैक कर लें।

8- इस विज्ञापन में विभागीय नीति के अनुसार विभाग में कार्य कर रहे जूनियर अध्यापकों को भी चयन का अवसर व कोटा उपलब्ध है अतः वे भी इस अवसर का लाभ उठायें व अपने लिए पदों की उपलब्धता के अनुरूप आवेदन करें।

आशा है आवेदन का नया प्रारूप आपकों भी सुगम लगेगा। इस बारे में समय निकालकर अपना Feedback भी कृपया आयोग को देने का कष्ट करें।

किसी भी जानकारी के लिए आयोग से **दूरभाष–0135–2669658** तथा **ई–मेल chayanayog@gmail.com** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

।। शुभकामनाओं के साथ।।

(संतोष बडोनी)
सचिव।

Scanned with CamScanner